**दिनांक–15.10.2025 को ईखायुक्त, बिहार, पटना की अध्यक्षता में वित्तीय वर्ष 2025–26 में कार्यान्वित मुख्यमंत्री गन्ना विकास कार्यक्रम एवं बिहार राज्य गुड़ उद्योग प्रोत्साहन कार्यक्रम के प्रगति की गैर चीनी मिल क्षेत्र के पदाधिकारियों से समीक्षा हेतु VC (Hybrid Mode) के माध्यम से आयोजित बैठक की कार्यवाही।**

**उपस्थिति–** श्री वेदव्रत कुमार, सहायक ईखायुक्त, मु0–सह–विशेष ईख पदाधिकारी, पटना/मुख्यालय में नवपदस्थापित सहायक निदेशक (शष्य)/गैर चीनी मिल क्षेत्र के सभी सहायक निदेशक, ईख विकास।

1. बैठक में गैर चीनी मिल क्षेत्र अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025–26 में कार्यान्वित मुख्यमंत्री गन्ना विकास कार्यक्रम एवं बिहार राज्य गुड़ उद्योग प्रोत्साहन कार्यक्रम के प्रगति की समीक्षा की गई।
2. सहायक निदेशक, ईख विकास, आरा द्वारा बताया गया कि मुख्यमंत्री गन्ना विकास योजनांतर्गत 08 कृषक प्रशिक्षण में से 05 प्रशिक्षण कराया गया है एवं 46916 रू0 की निकासी की गई है। प्रमाणित बीज मद का कार्यान्वयन वसंतकालीन बुवाई में हो सकेगा। आधार बीज मद में कुछ किसान द्वारा आवेदन दिया गया है। इसपर जानकारी दिया गया कि निर्गत अनुदेश के अनुसार गैर चीनी मिल क्षेत्र में केवल कृषि विज्ञान केन्द्र के माध्यम से आधार बीज उत्पादन कराया जाना है एवं इस हेतु केन केयर पोर्टल के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन किया जाना है। ऐसे में लक्ष्य प्राप्ति हेतु संबंधित कृषि विज्ञान केन्द्र से वार्ता कर लिया जाय एवं अगर उनके माध्यम से लक्ष्य प्राप्ति में कठिनाई हो तो अन्य विकल्प सहित योजनांतर्गत अन्य मद यथा बड चिप में लक्ष्य हेतु पत्र के द्वारा अनुरोध करने का निदेश दिया गया। सहायक निदेशक, ईख विकास, आरा द्वारा यह भी कहा गया कि वर्तमान में योजना के अनुश्रवण एवं पर्यवेक्षण हेतु भाड़े का वाहन स्वीकृत नहीं है, इसपर श्री गौतम कुमार पटेल, सहायक निदेशक, ईख विकास, मुख्यालय को वाहन स्वीकृति हेतु प्रस्ताव उपस्थापित करने का निदेश दिया गया।
3. सहायक निदेशक, ईख विकास, भागलपुर द्वारा बताया गया कि प्रमाणित बीज प्रत्यक्षण मद में 130 एकड़ के लक्ष्य के विरूद्ध 79 एकड़ के लिए आवेदन प्राप्त हुआ है, जिस हेतु सत्यापन एवं बीज वितरण के आलोक में अगले माह से बुवाई कार्य हो सकेगा। गत वर्ष तीन किसान द्वारा अमरपुर में आधार बीज लगाया गया है। 06 कृषक प्रशिक्षण के विरूद्ध 04 का आयोजन किया जा चुका है एवं 40,000 रू0 की निकासी हुई है। इस वर्ष आधा एकड़ का लक्ष्य आधार बीज उत्पादन मद में है, जिस हेतु सबौर से वार्ता कर कल दिनांक–16.10.2025 को 05:00 बजे अद्यतन प्रगति से अवगत कराने का निदेश दिया गया।
4. सहायक निदेशक, ईख विकास, पूर्णियाँ द्वारा बताया गया कि गत वर्ष एक हेक्टेयर में राजेन्द्र गन्ना–1 प्रभेद का लगाया गया आधार बीज का निरीक्षण किया गया, जिसमें फसल की स्थिति अच्छी पायी गई केवल प्रभात यादव कृषक का गन्ना झुक गया है। प्रमाणित गन्ना बीज प्रत्यक्षण मद में 130 एकड़ का लक्ष्य है, जिसे वसंतकालीन बुवाई में प्राप्त किया जायेगा। किशनगंज में पूर्व में कार्यान्वित गुड़ इकाई के बंद होने के कारणों से संबंधित प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया।
5. सहायक निदेशक, ईख विकास, गया द्वारा बताया गया कि प्रमाणित गन्ना बीज प्रत्यक्षण मद में 76 एकड़ का लक्ष्य है, जिसके विरूद्ध मात्र 16 एकड़ हेतु ही बीज की उपलब्धता है। 05 कृषक प्रशिक्षण के विरूद्ध 03 का आयोजन किया जा चुका है। आधार बीज में आधा एकड़ का लक्ष्य है, जिस हेतु के.भी.के., मानपुर से वार्ता करने का निदेश दिया गया। उनके द्वारा गुड़ ईकाई हेतु गन्ना की उपलब्धता में वृद्धि पर कहा गया कि उनके क्षेत्र के गन्ना किसान शाहजहाँपुर से प्रशिक्षण लेकर आये हैं, उनके माध्यम से उनके गांव एवं उसके आस–पास के क्षेत्र में किसानों को प्रोत्साहित कर गन्ना खेती में वृद्धि का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही निर्गत वार्षिक कार्य मूल्यांकन प्रपत्र में विशेष ईख पदाधिकारी, पटना को स्वीकृत गुड़ इकाई लक्ष्य में से संबंधित सहायक निदेशक को लक्ष्य अंकित कर प्रपत्र को संशोधित करने का निदेश मुख्यालय के संबंधित सहायक निदेशक को दिया गया। सहायक निदेशक, ईख विकास, गया को गुड़ योजना के कार्यान्वयन पर अगले सप्ताह प्रस्तुतीकरण प्रस्तुत करने का भी निदेश दिया गया।



Scanned with OKEN Scanner

6. सहायक निदेशक, ईख विकास, जमुई एवं सहरसा को बैठक में अनुपस्थित रहने पर उन्हें अपना स्पष्टीकरण दो दिनों के अन्दर प्रस्तुत करने का निदेश दिया गया।
7. सहायक निदेशक, ईख विकास, पटना द्वारा बताया गया कि 04 कृषक प्रशिक्षण का आयोजन किया जा चुका है। आधार बीज में लक्ष्य प्राप्ति हेतु के.भी.के. से वार्ता कर दिनांक–21.10.2025 तक सूचित करने तथा लक्ष्य प्राप्ति में कठिनाई की स्थिति में अन्य विकल्प हेतु पत्र के द्वारा अनुरोध करने का निदेश दिया गया।
8. गुड़ योजना अंतर्गत गन्ना की उपलब्धता में वृद्धि के संबंध में दृष्टिकोण संबंधी प्रतिवेदन देने हेतु निदेशित किया गया।
9. बिहार राज्य गुड़ उद्योग प्रोत्साहन कार्यक्रम अंतर्गत वर्ष 2024–25 एवं 2025–26 के लिए विशेष ईख पदाधिकारी, पटना के स्तर पर क्रमशः 12 एवं 19 यानि कुल 31 गुड़ ईकाई की स्थापना का स्वीकृत लक्ष्य निर्धारित है। इस लक्ष्य की प्राप्ति हेतु सहायक निदेशक, ईख विकास, पटना/गया/जमुई/भागलपुर/भोजपुर (आरा) को प्रत्येक जिलावार न्यूनतम 04 आवेदन कराने का निदेश दिया गया, का विवरण निम्नवत् है–

| क्र0सं0 | कार्यालय | जिला | आवेदन की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | सहायक निदेशक, ईख विकास, पटना | पटना/नालन्दा/जहानाबाद/अरवल | 4 x 4 = 16 |
| 2 | सहायक निदेशक, ईख विकास, गया | नवादा/गया/औरंगाबाद | 3 x 4 = 12 |
| 3 | सहायक निदेशक, ईख विकास, जमुई | मुंगेर/लखीसराय/शेखपुरा | 3 x 4 = 12 |
| 4 | सहायक निदेशक, ईख विकास, भागलपुर | बांका/भागलपुर | 2 x 4 = 08 |
| 5 | सहायक निदेशक, ईख विकास, भोजपुर (आरा) | भोजपुर/रोहतास/बक्सर/कैमूर | 4 x 4 = 16 |
| | योग– | | 64 |

इस लक्ष्य की प्राप्ति एवं गुड़ ईकाई के संचालन हेतु गन्ना की उपलब्धता के संबंध में सुझाव उपलब्ध कराने का भी निदेश दिया गया।

सधन्यवाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गयी।

ईखायुक्त, बिहार।

ज्ञाप संख्या–01/विकास–16354/2025– 1932/ई॰ प्र॰ पटना, दिनांक– 17 अक्टूबर, 2025

प्रतिलिपि– मुख्यालय के संबंधित सभी पदाधिकारी/संबंधित सभी सहायक निदेशक, ईख विकास/संबंधित सभी विशेष ईख पदाधिकारी एवं ईख पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ईखायुक्त, बिहार।



Scanned with OKEN Scanner